# अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की परिभाषा, प्रकृति, क्षेत्र एवं विकास !

## Difinition, Nature, scope and evolution of International Politics

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति एक नवीन विषय है, जिसका प्रारम्भ प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति 1919 से वेल्स विश्वविद्यालय (ब्रिटेन) से हुआ। यह विषय राजनीति विज्ञान (Political science) का ही अंग है यद्यपि आज यह स्वायत्त विषय (autonomy subject) के रूप में अपना स्थान बना लिया है। आज अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का दुनिया के अनेक विश्वविद्यालयों में एक स्वायत्त विषय (राजनीति विज्ञान से अलग) के रूप में अध्ययन-अध्यापन किया जा रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति एक नवीन और गत्यात्मक (Dynimic) विषय है अतः इसकी परिभाषा प्रकृति और क्षेत्र का स्वरूप निश्चित नहीं हो पाया है, समय और परिस्थिति के अनुसार इसका परिभाषा और क्षेत्र बदलता रहता है।

वर्तमान समय की परिस्थिति के आधार पर हम अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति को समझने का प्रयास करेंगे।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का अर्थ राज्यों के मध्य राजनीति। इस सन्दर्भ में राष्ट्रीय हित (National Interest) अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का प्रमुख लक्ष्य होता है, संघर्ष (conflict) इसकी दिशा तय करते हैं तथा शक्ति (Power) इस उद्देश्य को प्राप्त करने का प्रमुख साधन होता है।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सम्प्रभु राष्ट्र-राज्यों द्वारा एक दूसरे के साथ की जा रही राजनीति का अध्ययन तो करते ही हैं इसके साथ-2 —

① अन्तर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन (INGO)

UNO, रेडक्रास, ग्रीनपीस, महिला अन्तर्राष्ट्रीय शांति और स्वतन्त्रता के लिए लीग, etc

② अन्तर सरकारी संगठन → दो या दो से अधिक सरकारों के बीच समझौता, जैसे WHO, यूरोपीय प्रनि इत्यादि

④ गैर सरकारी संगठन (NGO)

⑤ बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ

Imp. Notes

⑥ आतंकवादी संगठन

(7) सांस्कृतिक और धार्मिक योगदान।

का भी अध्ययन करते है क्योंकि इन संस्थाओं का भी अन्तर्राष्ट्रीय व्यवहार में विशेष योगदान होता है।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति को समझाने के लिए राजनीति शब्द को समझना अनिवार्य है राजनीति की उत्पत्ति वस्तुतः इस बात से होती है कि प्रत्येक मनुष्य की कुछ आवश्यकताएँ (Needs) हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यक्ति समुदायों (Groups) की रचना करता है। समाज में अलग-2 हित से सम्बन्धित अलग-2 समुदाय होते हैं जिनके बीच टकराव और संघर्ष होता है सभी समुदाय अपने हित हेतु तर्क-वितर्क अनुनय विनय, समायोजन, समझौते इत्यादि का प्रयोग करते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि राजनीति के लिए तीन बाते अनिवार्य है -

① समुदायों का अस्तित्व (The existence of gr
② समुदायों के बीच मतभेद (Disagreement between groups)
③ कुछ समुदायों द्वारा अन्य समुदायों को नियंत्रि करने का प्रयत्न (efforts of some to influe or control the action of others)

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में राष्ट्र-राज्य समुद है, इनकी आवश्यकताएँ राष्ट्रीय हित है और राष्ट्र-राज्यों के बीच राष्ट्रीय हित को लेकर संघर्ष और मतभेद होते है। यह संघर्ष और मतभेद अनिवार्य तत्व है। इसका समाधान शक्ति के द्वारा किया जाता है, अर्थात शक्ति महत्वपूर्ण तत्व बन जाता है, क्योंकि शक्ति (Power) के अभाव में हम राष्ट्रीय हित प्राप्त नहीं कर सकते है।

Imp Notes ✓ जिन राष्ट्रों के हित समान होते है उनमें सहयोग भी देखा जाता है अर्थात अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में संघर्ष और सहयोग (conflict and coopration) दोनों तत्व पाए जाते है।

राष्ट्र राज्य
Nation state → हित (interest) → हितों का

↓

(सुरक्षा और उत्तरजीविता)
safety and survival

↓

शक्ति के द्वारा अपने हित प्राप्त करते हैं
(Get your interest by power)

↓

राष्ट्रों के मध्य शक्ति की स्पर्धा

Power competition among Nations

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की परिभाषा को दो भागों में बांटते हैं

① परम्परागत परिभाषा (Traditional definit

1. स्प्राउट - International Politics is the study of action, reaction and relations arising from the mutual opposition or conflict of independent nations

Imp. Notes

टकराव (conflict of interest) → संघर्ष

for their own for Purpose or Nation interest. (स्वतंत्र राष्ट्र के अपने-2 उद्देश्यों अथवा हितों के आपसी विरोध, प्रतिरोध या संघर्ष से उत्पन्न उनकी क्रिया-प्रतिक्रिया और सम्बन्धों का अध्ययन ही अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति है।

2. चार्ल्स श्लाइचर → All International relation of Political states can be included in International Politics, but not all international relations are Political. (राज्यों के सभी अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में शामिल किए जा सकते हैं किन्तु सभी अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध राजनीतिक नहीं होते।

ow)

(3) हैंस जे. मारगेन्थाऊ → "International Politics is essentially the struggle form and use of Power among Nations." अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति

राष्ट्रों के बीच निरन्तर होने वाले शक्ति संघर्ष के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

(2) आधुनिक परिभाषा → अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की आधुनिक परिभाषा में राज्य के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन, अन्तर सरकारी संगठन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों आदि को सम्मिलित किया जाता है। जैसे-

पामर और परकिंस → "International relations includes much more than the inter relation of nation states and groups or includes other institutions found in the nation but this nation state is considered to be the center of international politics."

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध में राष्ट्र - राज्यों तथा समूहों के परस्पर सम्बन्ध के अतिरिक्त और बहुत कुछ सम्मिलित है, यह विभिन्न स्तर पर पाए जाने वाले अन्य संस्थाओं का भी समावेश करता है, जो राष्ट्र में पाए जाते हैं परन्तु यह राष्ट्र राज्य को ही अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का केन्द्र बिन्दु मानता है।

रार्बर्ट स्ट्रास ह्रूप ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के अन्तर्गत नागरिकों के कार्यों एवं राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण गैर - सरकारी गुटों के निर्णय को शामिल करने का समर्थन किया है।

Notes

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रत्येक विद्वान ने अपने दृष्टिकोण से परिभाषा करने का प्रयास किया है। इनमें से

कई परिभाषाएँ एकपक्षीय प्रतीत होती हैं।

उपरोक्त वर्णन के आधार पर हम कह सकते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति उस प्रक्रिया का नाम है जिससे विभिन्न राष्ट्र अपनी नीतियों और कार्यों के माध्यम से अपने उन राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने के लिए बराबर कोशिश करते हैं, जो दूसरे राष्ट्रों के राष्ट्रीय हितों से टकराते हैं।

Imp. Notes